हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 मार्च 2024

11 भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे आप कार्यकर्ता हिरासत में



12 किसानों ने पूर्व मंत्री के पुतले की शवयात्रा निकाली...



## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब द्वारा नेत्र ऑपरेशन कैम्प 31 को

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा 31 मार्च रविवार नेत्र ऑपरेशन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प टोहाना रोड स्थित लायंस भवन में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष विजय जिंदल सोनू ने बताया कि कैम्प में जैन समाधि के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ1 राहुल सिंगला व उनकी टीम द्वारा आंखों की जांच की जायेगी।

### फतेहाबाद जिले से दो युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दिवाना निवासी एक महिला ने कहा है कि वह खेत में काम करती है। उसकी 19 साल की लड़की गत दिवस दोपहर को बिना बताए घर से कहीं चली गई है और उसके बाद वापस घर नहीं लौटी है। दूसरे मामले में सदर टोहाना पुलिस ने गांव समैण निवासी एक युवक की शिकायत पर उसकी पत्नी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### शाहपुर बेगू से प्लॉट में खड़ा ट्रैक्टर चोरी

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव शाहपुर बेगू में एक खाली प्लॉट में खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में छिंद्रपाल ने बताया कि उसके पास महिंद्रा ट्रैक्टर है। उसने बताया कि बीती 22 मार्च की शाम को उसने अपना ट्रैक्टर अपने खाली प्लॉट में खड़ा किया था। दो-तीन दिन से वह प्लॉट में नहीं गया। शाम को जब वह प्लॉट में गया तो देखा कि ट्रैक्टर गायब है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### डिंग में घर के बाहर खड़ी कार चोरी

**सिरसा।** डिंग में एक घर के बाहर खड़ी कार चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में डिंग मंडी निवासी निहाल सिंह ने बताया कि वह एयरफोर्स स्टेशन में कार्यरत है और बीती 23 मार्च की शाम को घर पर होली के त्योहार को लेकर छुट्टी पर आया था। उसने अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात को चोर उसकी गाड़ी चोरी कर ले गए। सुबह उठा तो उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### साहिल ऐलावादी भाजयुमो के उपाध्यक्ष नियुक्त

**सिरसा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें डॉक्टर साहिल ऐलावादी को सिरसा जिला उपाध्यक्ष व योगेश ओड को आईटी सेल का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### वैश्य ने मनाया होली मिलन समारोह

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन ने अग्रवाल पार्क में होली मिलन का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक बंसल ने की। जिलाध्यक्ष अशोक बंसल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

### आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली

**डबवाली।** डबवाली में कुछ लोगों द्वारा नया आधार कार्ड बनाने व आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर लोगों को चूना लगाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए गौतम कुमार ने बताया कि चौटाला रोड पर स्थित एक सरकारी बैंक में आधार कार्ड बनाने का काम होता है। यहां लोगों से सरेआम 100-100 रुपए की वसूली की जा रही है। जबकि जो रसीद दी जा रही है उसे पर कोई पैसे अंकित नहीं होते। सरकार ने भी नया आधार कार्ड बनाने का काम निशुल्क किया हुआ है। आधार कार्ड बनाने वाले लोगों को पैसे मिलते हैं।

---

हैफेड के अलावा वेयर हाऊस भी सरसों की खरीद करेगा

# प्रदेश में सरसों की सरकारी खरीद शुरू फतेहाबाद में पहले दिन नहीं हुई आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में मंगलवार से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। मार्केट कमेटी व हैफेड ने सरसों खरीद को लेकर व्यापक प्रबंध कर रखे हैं, लेकिन पहले दिन मंडियों में कोई भी किसान अपनी सरसों लेकर नहीं आया। बता दें यहां पर भट्टू, भूना और फतेहाबाद की अनाज मण्डियों में सरसों की खरीद की जाएगी। हैफेड के अलावा वेयर हाऊस भी सरसों की खरीद करेगा।

सरसों उत्पादक किसानों को सरसों बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले किसानों की सरकार द्वारा एमएसपी पर सरसों की फसल खरीदी जाएगी। जिले में भी प्रशासन द्वारा सरसों खरीद को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई है। जिले के तीन अनाज मण्डियों फतेहाबाद, भूना और भट्टू में सरसों की खरीद होगी। सरसों खरीद को लेकर अनाज मंडी के अधिकारियों के साथ खरीद एजेंसी को भी व्यवस्था बनाने के आदेश जारी कर दिए है। बता दें कि जिले में इस बार 51 हजार 980 एकड़ में सरसों की बिजाई की गई है। इसमें से 36 हजार एकड़ का तो किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करवाया हुआ है जबकि बकाया 16 हजार एकड़ ऐसी फसल है, जिसका किसानों ने अभी तक पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करवाया है। नियम है कि जिस किसान द्वारा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया जाएगा, केवल उसकी फसल को ही सरकार द्वारा एमएसपी पर खरीदा जाएगा। इस बार सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी 5650 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जोकि पिछले साल से 200 रुपये अधिक है। मार्केट में अब सरसों का भाव 5 हजार से लेकर 5200 रुपये प्रति क्विंटल तक चल रहा है। नई सरसों आने के बाद मार्केट का भाव के कम होने की संभावना है। ऐसे में सरकार द्वारा समर्थन मूल्य 5650 रुपये पर सरसों खरीदने पर किसान को प्रति क्विंटल 500 रुपये तक का फायदा मिलेगा।



फतेहाबाद। मार्केट कमेटी कार्यालय। फोटो :हरिभूमि

### एमएसपी के बाद सरसों का रकबा बढ़ा

2014-15 में सरसों का समर्थन मूल्य 3050 रुपये निर्धारित किया हुआ था, लेकिन उस दौरान सरकार सरसों की सरकारी खरीद नहीं करती थी। ऐसे में किसान को एमएसपी महज कागजों में रहता था। सरसों 2 हजार से लेकर ढाई हजार रुपये प्रति क्विंटल तक बिकती थी। इसके बाद सरकार ने सरसों की खेती को बढ़ावा देने के लिए एमएसपी पर खरीद शुरू की। प्रदेश सरकार ने सरसों की खरीद की तो इसका रकबा भी बढ़ने लग गया। कृषि विभाग के अनुसार इस बार किसानों ने सरसों की खेती रतिया, कुलां व टोहाना में भी बड़ी संख्या में की है। भूना, फतेहाबाद व भट्टू में तो सरसों की खेती होती ही है। यह सब सरकार द्वारा सरसों की फसल समर्थन मूल्य पर खरीदने के कारण ही संभव हुई। अब एमएसपी 5650 रुपये हैं। सरकार सरकारी खरीद इसी रेट पर ही करेंगी। सरकार द्वारा पाम ओयल पर रोक लगाने से सरसों एक बार 9 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई थी। बाद में सरसों का तेल महंगा होने के कारण सरकार को पाम आयल की रोक को हटाना पड़ा।

#### इस बार चने की भी होगी सरकारी खरीद

प्रदेश सरकार सरसों के साथ इस बार चने की भी सरकारी खरीद शुरू करेगी। इसके लिए सरकार ने प्रयास शुरू किए है। वैसे जिले में चना उत्पादक किसानों की संख्या कम है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल के अनुसार चना की खेती महज एक हजार एकड़ में ही है। फिर भी जिले में सरकार एक खरीद मंडी तय करेंगी।सरसों की सरकारी खरीद मंगलवार से शुरू हो गई है। पहले दिन जिले में सरसों की आवक नहीं हुई। भट्टूकलां के अलावा फतेहाबाद और भूना अनाज मण्डी में भी सरसों की फसल को एमएसपी पर खरीदा जाएगा। -राजेश हुड्डा, जिला प्रबंधक हैफेड

#### पंजीकरण करवा लें किसान

पोर्टल पर पंजीकरण करवाने वाले किसानों की ही एमएसपी पर खरीद होगी इसलिए अभी तक जिन किसानों ने अपनी फसल का पंजीकरण नहीं करवाया है। वे किसान निर्धारित समय रहते फसल का पंजीकरण करवा लें ताकि उन्हें फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। यशपाल मेहता, सचिव मार्केट कमेटी फतेहाबाद

---



सिरसा। विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार।

## विद्यार्थियों ने मतदान व दूसरों को प्रेरित करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

जिला में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरुता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश ग्रोवर ने राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय छात्राओं को मतदाता का महत्व बताया और लोकतंत्र की मतबूती के लिए स्वयं भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने के लिए जागरुक किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि वे पात्र मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने व अपना वोट बनवाने बारे प्रेरित करें। इस दौरान महाविद्यालय का प्रांगण में उपस्थित स्टॉफ व छात्राओं को मतदात की शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य हरजिंदर सिंह, मंजू गेरा, हितेश कुमार, वीना रानी, कुमारी अभिलाषा मौजूद रहे।

## लुधियाना एक्सप्रेस 11 बजे चलवाने के लिए लिखा केंद्रीय रेलमंत्री को पत्र

**सिरसा।** वरिष्ठ नागरिक मनोहरलाल वर्मा ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी कुमार को पत्र लिखकर लुधियाना एक्सप्रेस को सिरसा स्टेशन पर सुबह 11 अथवा 11.15 बजे चलवाने का आग्रह किया है। कहा गया है कि सिरसा से हिसार की ओर जाने के लिए पहले सुबह 2.55 बजे सिरसा एक्सप्रेस चलती है, सिरसा से लुधियाना एक्सप्रेस यहां से 1.15 बजे हिसार के लिए चलती है। अहम बात यह है कि सुबह 6.20 बजे से लेकर दोपहर 1.15 बजे तक बीच में हिसार या आगे जाने के लिए कोई गाड़ी नहीं है। उन्होंने केंद्रीय रेलमंत्री से आग्रह किया वे उपरोक्त गाड़ी को सुबह 11 बजे से सुबह 11.15 बजे पर चलाने का कष्ट करें। वहीं रेलवे बोर्ड नई दिल्ली की चेयरपर्सन जया वर्मा को भी पत्र लिखकर कोटा से चलकर हिसार तक आने वाली गाड़ी की डिंग मंडी स्टेशन पर ठहराव किए जाने की मांग की है।

---



## समाज की अनदेखी करने वाले को करें परास्त: स्वामी संगम नाथ

**सिरसा।** वाल्मीकि संत गुरु सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को वीरेंद्र पेहवाल के निवास पर हुआ जिसमें अनेक संत, महंत, मठाधीश, महामंडलेश्वर, आचार्य और सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त विद्वान सहित बच्चे, बूढ़े महिलाओं सहित सभी वगाऱें की भागीदारी की। इस मौके पर संगमनाथ महाराज ने कहा कि संगठित होकर अपने उद्देश्य में प्रदेश एवं राष्ट्र स्तरीय सभी कुछ प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक एकता में जो भी बाधक है, उनसे किनारा करें। सीधे तौर पर जो भी पार्टियां आपको अपने हकों को पीछे छोड़ती है, आप उनको अपने मताधिकार से परास्त करें। संतों ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने मानवता धर्म सर्वोपरि है। महर्षि वाल्मीकि के ज्ञान, अमृत पावन योग वाशिष्ठ रामायण महाग्रंथ के अध्ययन से आप और हम प्रकार से, सब धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। पुरुषोत्तम बन सकते हैं। बैठक में वाल्मीकि समाज से डॉ. वीके नाहर, जसवीर बागड़ी, दिलीप टांक, प्रोफेसर रविंद्र ढिल्लों, प्रहलाद, मेघनाथ आदि मौजूद थे।

## हाई वोल्टेज तार में स्पार्किंग से गन्ने के खेत में लगी आग

- डेढ़ एकड़ फसल जलकर स्वाह
- भारतीय किसान संघ ने बिजली निगम से किसान नुकसान की भरपाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बिजली विभाग की लापरवाही के चलते भीवा बस्ती के एक किसान को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। भीवा बस्ती के किसान रवि धेत्तरवाल के खेत गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की तारों में हुई स्पार्किंग से उसके गन्ने के खेत में आग लग गई और करीब डेढ़ एकड़ गन्ने की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान संघ फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष रोहताश पंघाल, जितेन्द्र गढ़वाल मौके पर पहुंचे और किसान से घटना को लेकर जानकारी ली। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों से किसान को हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। बिजली निगम के एसडीओ रीपनदीप सिंह व जेई भी मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद किसानों को इसको लेकर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। रोहताश पंघाल, जितेन्द्र गढ़वाल ने बताया कि भीवा बस्ती के किसान रवि धेत्तरवाल ने खेत में गन्ने की फसल लगाई हुई है। फसल भी तैयार हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि रवि के खेत के ऊपर से बिजली की 11 हजार वोल्टेज की लाइन गुजरती है। उन्होंने बताया कि इस हाई वोल्टेज लाइनों में हुई स्पार्किंग की वजह से रवि के गन्ने के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने करीब डेढ़ एकड़ फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की खबर मिलते ही किसान मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक उसकी फसल जलकर राख हो चुकी थी। रोहताश पंघाल ने बताया कि सूचना मिलते ही काफी संख्या में किसान भी मौके पर इकट्ठा हो गए वहीं एसडीओ रीपनदीप सिंह व जेई भी निगम कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग लगने से हुए नुकसान का मुआयना किया। मौके पर मौजूद भारतीय किसान संघ फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष रोहताश पंघाल ने बताया कि इस घटना में किसान रवि को करीब अढ़ाई लाख का नुकसान हुआ है। बिजली निगम के अधिकारियों ने इस बारे किसान को उचित कार्यवाही करने व हरसंभव सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पीड़ित किसान रवि धेतरवाल व उनके परिवारजन, किसान सतबीर बगड़िया, जरनैल गढ़वाल, नवदीप गढ़वाल, महेंद्र गढ़वाल, रामनिवास गढ़वाल, जय सिंह रेपसवाल समेत काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



फतेहाबाद। आग लगने से हुए नुकसान की जानकारी देते किसान।

### साहित्य सदन में सतरंग होली उत्सव का आयोजन

**सिरसा।** श्री युवक साहित्य सदन सिरसा व रियाज़ म्यूज़िक अकादमी सिरसा द्वारा स्थानीय श्री युवक साहित्य सदन के सभागार में सुगम व शास्त्रीय संगीत आधारित कार्यक्रम संतरगी होली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर हरभगवान चावला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। रियाज़ अकादमी के निदेशक राज वर्मा के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता परमानंद शास्त्री ने की। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना पीयूष कुमार, गायत्री पंवार व संतोष रानी व सहयोगियों ने की। इसके पश्चात हरित संगीतशाला के विद्यार्थियों ललित किशोर व सक्षम गोयल द्वारा होली शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया।

## कोरड़ा मार होली में 50 देवर-भाभी सम्मानित

- बैजलपुर गांव में तीन दिवसीय फाग उत्सव महोत्सव का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

ढाणी गोपाल में कोरडा माल होली उत्सव का उल्लास के साथ समापन हो गया। फाग उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाली 50 भाभियों को टोकनी देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने लगभग 150 देवरों पर कोरड़े बरसाए थे।

कार्यक्रम में विजेता देवरों को भी आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया। फाग उत्सव के आयोजन समिति के सदस्य सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार गोदारा व नंबरदार जगदीश फगेड़िया तथा सुरेंद्र खिचड़ ने बताया कि गांव के चौक में सामूहिक रूप से होली फाग उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों के बीच बुजुर्गों द्वारा चलाई गई आपसी तालमेल परंपरा एवं भाईचारा कायम रखना है। होली फाग के पर्व पर युवाओं को नशे से दूर रखना और सामूहिक रूप से खुशियां मनाना एकता का परिचायक है। होली मतभेद को भुलाकर रंगों की होली में शामिल होकर ढाणी गोपाल के प्रत्येक वर्ग के ग्रामीणों ने एकता का परिचय दिया, जो फाग उत्सव एक यादगार बन गया।

समिति के सदस्य जगदीश नंबरदार ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर रंग व पानी का पर्याप्त मात्रा में प्रबंध, महिलाओं के लिए रस्सी के कोरड़े, वीडियोग्राफर आदि की व्यवस्था व सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। उधर बैजलपुर गांव में तीन दिवसीय फाग उत्सव महोत्सव का समापन बुधवार को होगा।



भूना। गांव ढाणी गोपाल में होली फाग उत्सव के समापन पर सम्मानित की गई प्रतिभागी महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

## एमएसजी भारतीय खेल गांव में दो दिवसीय ट्रायल 6 से

**सिरसा।** शाह सतनाम जी बॉयज व गर्ल्स स्कूल व कॉलेज सिरसा के लिए विभिन्न खेलों के दो दिवसीय ट्रायल 6 अप्रैल से एमएसजी भारतीय खेल गांव में शुरू होंगे। ट्रायल दोनों दिन सुबह 9 बजे शुरू होंगे। शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थान के स्पोर्ट्स मैनेजर अजमेर सिंह इन्सां ने बताया कि 6 अप्रैल शनिवार को लड़कियों के ट्रायल होंगे। जबकि 7 अप्रैल रविवार को लड़कों के ट्रायल लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लड़कियों के एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, जूडो, स्विमिंग, ताइक्वांडो, लॉन टेनिस, स्केटिंग, गन शूटिंग, योगा, थ्रो बॉल, तीरंदाजी, वॉलीबॉल व जिमनास्टिक के ट्रायल होंगे। वहीं लड़कों के एथलेटिक्स, बैडमिंटन, क्रिकेट, हैंडबॉल, फुटबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, स्विमिंग, ताइक्वांडो, लॉन टेनिस, योगा, तीरंदाजी, वॉलीबॉल,जिमनास्टिक व हॉकी के ट्रायल लिए जाएंगे। अजमेर सिंह ने बताया कि शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के साथ खेलों के लिए बेहतर माहौल व इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। यहां खिलाड़ियों को नशे से दूर रखकर मेडिटेशन, ध्यान के साथ खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जाती है। विजेता खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को फीस में विशेष छूट दी जाती है।

## मनसागर धाम पर भक्तों ने नवाया शीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भट्टू के गांव ढिंगसरा में स्थित बाबा मनसागर धाम में होली पर्व पर मेले का आयोजन किया गया। मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा मनसागर मंदिर में पूजा कर मन्नतें मांगी। खिलौनों की दुकानों, मिठाइयों, खाने पीने व मनिहारी की दुकानों पर काफी भीड़ लगी रही। लोगों ने मेले में खूब खरीदारी की, वहीं बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। मेले में भंडारे का आयोजन भी किया गया था। सुरक्षा के लिए पुलिस ने पूरे प्रबंधन कर रखे थे। इस धाम में हर वर्ष होली व दीपावली पर दूर दराज से श्रद्धालु पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते है। माना जाता है कि यहां माथा टेकने से जहां मन की मुरादें पूरी होती है। कहा जाता है कि दाद, मस्से, चर्म रोग से पीड़ित व्यक्ति झाड़ू व नमक का चढ़ावा चढ़ाते है तो उनका रोग दूर हो जाता है। पुराने समय में यहां पर मनसागर गिरी जी महाराज ने अपनी भक्ति भावना व समाज सेवा कर लोगों के दुखों को दूर करने में सहयोग दिया था। तभी से इस धाम की मान्यता दूर-दूर तक फैली थी। इस स्थान पर पहले केवल मात्र एक छोटा सा टीला व बाबा जी की कुटिया होती थी। अब इस धाम का ग्रामीणों ने एक कमेटी बनाकर इसकी काया पलट दी। अब यहां पर बाबा जी का भव्य मन्दिर बनाया गया है। एक तरफ जहां मन्दिर में बाबा मनसागर की मूर्ति बनी हुई है, वहीं दूसरी तरफ हनुमान जी की मूर्ति बनी है। इस मन्दिर में 24 घण्टे ज्योति प्रज्जवलित रहती है।



**निर्देश** सभी दल आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें : निर्वाचन अधिकारी

## प्रत्याशी को नामांकन से पहले खुलवाना होगा खाता

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि सभी राजनीतिक दल आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी एक्ट की पालना करना सुनिश्चित करें। कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार केवल निर्धारित किए गए स्थानों पर ही रैली एवं जनसभा कर सकते हैं और प्रचार से संबंधित होर्डिंग, बैनर, पोस्टर इत्यादि लगा सकते हैं। चुनाव के दौरान प्रयोग की जाने वाले सभी संबंधित वस्तुओं के रेट भी निर्धारित करके उसकी प्रति राजनीतिक दलों को उपलब्ध करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल/ उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि चुनाव प्रचार के दौरान जो भी बैनर पोस्टर आदि प्रिंट करवाए उस पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता सहित छपवाने वाले का भी ब्योरा हो। अगर इस मामले में अवहेलना की गई तो आरपी एक्ट 1951 की धारा 127ए के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी। इन चीजों के लिए सभी को अनुमति लेना जरूरी है। अगर कोई बिना अनुमति के चुनाव प्रचार करता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को नामांकन से पहले एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकेगा। चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। चुनाव लड़ने वाले अभ्यार्थी लेन देन चैक, ड्राफ्ट एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे।






# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।

लाइफ Style




# उर्वशी

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।

# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग



**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।




### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।

## खबर संक्षेप

### आदमपुर में 4-4 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर 132 केवी सब स्टेशन के तहत 11 केवी गांव आदमपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की बिजली आपूर्ति तीन दिनों के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए निगम के एसडीओ व जेइ ने बताया कि आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 11 केवी गांव आदमपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बुधवार, वीरवार व शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगी।

### 12 बोतल अवैध शराब सहित बाइक सवार काबू

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए थाना आदमपुर पुलिस ने गांव किशनगढ़ चौक से एक मोटरसाइकिल सवार युवक को काबू कर 12 बोतल अवैध शराब बरामद की है। एएसआई संजीव ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव किशनगढ़ मेन चोक से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम खारा बरवाला निवासी नवीन कुमार बताया है।

### गाड़ी से 24 बोतल अवैध बीयर बरामद

**हिसार।** थाना अग्रोहा पुलिस ने गश्त के दौरान गांव चिकनवास से गाड़ी सवार एक युवक को 2 बॉक्स (24 बोतल) अवैध बीयर बरामद की। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम गांव ठस्का निवासी योगेश बताया है।

### सट्टेबाजी करते दो आरोपियों को दबोचा

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने गश्त के दौरान ठंडी सड़क से दो व्यक्तियों को सट्टेबाजी करते हुए काबू कर पर्चा सत्ता और सट्टे में प्रयोग 1050 रुपए बरामद किया। नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम विशाल और संदीप बताया। बरामद पर्चा सट्टा और धनराशि को कब्जा पुलिस लेकर विशाल और संदीप पर केस दर्ज किया है।

### छीना-छपटी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने छीना झपटी कर रुपए छीनने के मामले में एक आरोपी सूर्य नगर हिसार निवासी गौरव को गिरफ्तार किया गया है। उप निरीक्षक बलदेव ने बताया कि गांव मतलोढ़ा निवासी अजमेर सिंह ने शिकायत दी कि वह आजाद नगर हिसार में नेहरा सैटरिंग स्टोर पर नौकरी करता है। 24 मार्च को वह दुकान से अपने घर जाने के लिए बस स्टैंड हिसार जा रहा था कि करीब 1 दोपहर बजे जब वह फोर व्हीलर चौक के पास पहुंचा तो अचानक से दो लड़के आए और एक लड़के ने उससे 7900 रुपये छीन लिए।

### सामान लेने जा रही महिला को कार ने कुचला

**हिसार।** दुकान पर सामान लेने गई एक महिला को फाग के दिन तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। घटना सेक्टर-15 एरिया की है। घायल महिला को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते अग्रोहा मेडिकल रेफर कर दिया गया। वहां उसने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। महिला के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत पर कार चालक पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

# भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे आप कार्यकर्ता हिरासत में

आप कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच धक्का-मुक्की। कार्यकर्ताओं ने बेरिकेट्स तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने हिरासत में ले लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा





**सिरसा।** भाजपा कार्यालय का घेराव करने जाते आप कार्यकर्ता तथा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बस में बैठाते हुए।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ भाजपा कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आम कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच काफी धक्का-मुक्की हुई। आप कार्यकर्ताओं ने बेरिकेट्स तोड़कर भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और सभी को बसों में बैठाकर ऐलनाबाद की तरफ ले गई। पुलिस ने आप लोकसभा अध्यक्ष कुलदीप गदराना, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र कुमार, जिला सचिव शाम मेहता, पूनम गोदारा, सरोज मानव, राजेश मालिक, सुरजीत बेगू, अनिल चंदेल, हंसराज सामा, चंद्र बेगू, रवि कंबोज, इकबाल सिंह सलारपुर, सतीश मोमी, दर्शन कौर, पवन गोयल, सुकेश अरोड़ा, महावीर चुबुर्जा, मास्टर हरबंस, छिंदर सिंह सलारपुर, सुमन चोपड़ा, रेणु चोपड़ा, तरसेम सामा, विजय मोंगा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां ने कहा कि भाजपा की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही है और भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष कुलदीप गदराना ने कहा कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में आम आदमी पार्टी के 55 कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं, जिनको कुरुक्षेत्र के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाना पड़ा। पुलिस ने भाजपा के इशारे पर कार्रवाई करते हुए कार्यकर्ताओं और नेताओं पर जानलेवा वार किए, किसी का पैर तोड़ दिया तो किसी के हाथ में फ्रेक्चर कर दिया। जिला सचिव शाम मेहता ने कहा कि कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा तक को गंभीर रूप से घायल किया गया।

आम आदमी पार्टी ने आचार संहिता लागू होने के बावजूद पुलिस की इस तरह की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे ये कार्रवाई की गई है। जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप सचदेवा ने कहा कि आज पुलिस द्वारा शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के साथ जो व्यवहार किया गया वह किसी लोकतांत्रिक देश में शर्मनाक बात है।



### अधिकारियों ने युवाओं को दिलाई 'जागें और जगाएं-वोट डालने जाएं' की शपथ

**फतेहाबाद।** स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने बताया कि एमएम पीजी कॉलेज में एनएसएस के स्वयंसेवकों को जो 18 वर्ष से अधिक की आयु के हो चुके हैं, को वोट डालने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने युवाओं को जागें और जगायें-वोट डालने जाएं शपथ दिलवाई। एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि युवाओं द्वारा विशेष रूप से वोटर जागरूकता पर एक गीत भी तैयार किया गया जिसे सभी ने सराहा। उन्होंने बताया कि स्वीप के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर, प्रतिभा मखीजा सहित बड़ी संख्या में एनएसएस के स्वयंसेवक मौजूद रहे।



### रेडक्रॉस सोसायटी के शिविर में 117 यूनिट रक्त एकत्रित

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संत निरंकारी मिशन के सहयोग से गांव बप्पा के संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 117 व्यक्तियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में सामान्य अस्पताल सिरसा के रक्तबैंक की टीम द्वारा कुल 117 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया तथा सभी रक्तदाता निरंकारी मिशन के सेवादार हैं। इस अवसर पर रक्तदाताओं को रक्तदान के साथ-साथ रक्तदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज रमन नागपाल, सामान्य अस्पताल से करनैल सिंह, लैब टैक्नीशियन औम प्रकाश, बिजली बोर्ड के कार्यकारी अभियन्ता मदन लाल सुखीजा भी उपस्थित थे।

## निःशुल्क मेडिकल कैंप में 90 मरीजों को जांचा

- श्री कृष्णा मानव कल्याण समिति की ओर से लगाया गया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री कृष्णा मानव कल्याण समिति की ओर से निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया जिसमें बार एसोसिएशन के प्रधान आदित्य राठौर मुख्यातिथि थे। आदित्य राठौर ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के वाक्य को चरितार्थ करते हुए संस्था के संस्थापक स्व. भगवानदास बजाज ने संस्था रूपी जो पौधा रोपित किया था, आज वह सदस्यों की मेहनत व समाज के सहयोग से वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। यह संस्था पिछले 45 साल से समाजसेवा में लगी हुई है। रमेश मेहता एडवोकेट ने कहा कि संस्था सही मायने में समाज के गरीब तबके की सेवा में दिन-रात लगी हुई है और संस्था के साथ जुड़ना गौरव की बात है। राजेंद्र बजाज एडवोकेट ने संस्था की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर में 90 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। इस दौरान चंद्रशेखर मेहता, विनीत अरोड़ा, विमल भाटिया, मदनलाल मेहता, सुनील मेहता, वीरेंद्र अरोड़ा, संजीव बजाज, हरमेश सरीन, रविंद्र बजाज, सुमित कक्कड़, हरीश मेहता, सुमनबाला व अनुराधा भी मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का होगा विरोध : उग्राहां

- भाकियू ने जाखल के गांव तलवाड़ा में शहीदों को किया नमन, पंजाबी नाटक से दिखाई शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल



**जाखल।** गांव तलवाड़ा में शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां द्वारा मंगलवार को जाखल खण्ड के गांव तलवाड़ा में शहीदी दिवस मनाते हुए शहीदों को याद किया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां से किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां भी इस कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि अगर सरकार देश में नौकरियां देती तो आज हमारे बच्चों को विदेश में जाने की जरूरत ना पड़ती। इस दौरान किसान संगठन द्वारा पंजाबी नाटक में शानदार प्रस्तुति दिखाई गई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जोगिन्द्र सिंह उग्राहां ने कहा कि यह राजनीतिक लोगों का मसला है, मैं इसके बारे में कुछ नहीं कह सकता, परन्तु चुनावों के समय में एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना तानाशाही की तरफ जा रहा कदम है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार विरोधियों पर शिकंजा कस रही है। किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्रहा ने कहा कि भाजपा द्वारा किए जा रहे इस कार्य को लेकर किसान घोर निंदा करते है। उन्होंने कहा कि किसान भी सरकार की निगाहों में रडक रहे है। पता नहीं सरकार कब उन्हें अंदर कर दे। किसान मोर्चे द्वारा लगातार किए जा रहे प्रदर्शनों को लेकर उग्राहां ने कहा कि किसान एमएसीपी की गारंटी को लेकर लगातार लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने किसानों से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के नेताओं का जमकर विरोध करे तथा वोट मांगने पर उनसे सवाल जरूर किए जाए कि किसान को अब तक एमएसपी पर गारंटी क्यों नही मिल पाई है। उन्होंने कहा कि कोई किसी भी तरह की जातिवाद ना करे, हमारी एक ही आवाज है कि मेहनत करो और मेहनत की खाओ।

### संस्कृत महाविद्यालय में कंप्यूटर कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**सिरसा।** श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बेसिक कंप्यूटर कोर्स शुरू किया गया है। जिसकी समय अवधि 3 महीने की है, जोकि 1 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 30 जून 2024 तक रहेगी। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र बंसल ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी जल्द से जल्द संस्था में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर कोर्स की फीस मात्र 500 रुपए प्रतिमाह होगी। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर कोर्स के लिए आने वाले विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं भारतीय संस्कृति के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा, ताकि वे सभ्यता से जुड़े रहें।

## होली पर सजा श्याम दरबार, झूमे श्रद्धालु

- 'गली-गली बाजार में गूंजे एक ही नाम, जय श्री श्याम-जय श्री श्याम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** श्री श्याम संकीर्तन में भजन प्रस्तुत करते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद में बुधवार को फाग के अवसर पर श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध भजन गायकों ने बाबा श्याम के भजन गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन के प्रारंभ में प्रसिद्ध भजन गायक धीरज असीजा ने भजनों की ऐसी तान छेड़ी कि सभी श्याम भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। धीरज असीजा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक अनिल-रजनीश शर्मा द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्यामभक्त मदमस्त होकर झूमने लगे। अनिल शर्मा ने 'आज बिरज में होरी हैं रे रसिया, होरी-रे, होरी-रे बरजोरी रे रसिया', 'म्हाने बुलाओ बारम्बार, खाटूश्याम दरबार पर खड़ा दास' पर भक्त खूब झूमे। इसके अलावा भजन गायक अमित मुंजाल व लक्की शर्मा ने 'गली-गली बाजार में गूंजे एक ही नाम, जय श्री श्याम-जय श्री श्याम', 'फागुन के मेले में खाटू जाएंगे, श्याम प्रभु को रंग लगाएंगे', 'मुझे सपने में मिलते हैं खाटू के बाबा श्याम' व 'सिर पे हमेशा तेरा हाथ रहे, जब तक जियो बाबा मेरे साथ रहे', इत्यादि भजनों पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। पार्षद निलांशी शर्मा, लक्की शर्मा व भारत टूटेजा ने भी अपने-अपने भजन प्रस्तुत किए। होली के अवसर पर श्री श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। इस मौके पर श्री श्याम मंडल के प्रधान डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. पवन हंसवाल, भीम असीजा, प्रदीप कुमार, सुनील मदान सहित काफी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

## सब जूनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में चमका सिरसा का अनुनय

- नेशनल आर्टिस्ट जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



जिम्नास्टिक फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रयागराज में बीती 20 से 22 मार्च तक आयोजित सब जूनियर और जूनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप 2023-24 में सिरसा निवासी अनुनय ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त कर अभिभावकों व जिले का नाम रोशन किया। अनुनय ने इस प्रतियोगिता में सिरसा ही नहीं, हरियाणा का भी नेतृत्व किया है। पदक जीतकर लौटे अनुनय का अभिभावकों ने मुंह मीठा कर बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अनुनय के पिता मनीष चौधरी ने बताया कि अनुनय पिछले दो साल से चौधरी दलबीर सिंह स्टेडिय में कोच संदीप इंदौरा व राधेश्याम शर्मा के सान्निध्य में प्रशिक्षण ले रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी रा'य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अननुय ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया था।

### डेरा स्वयंसेवक डाकध्वजा लेकर पहुंचे सिरसा

- नुहियांवाली से यात्रा सुबह 6 बजे गांव के मंदिर से पुजारी मनीष ने पूजा अर्चना करवाकर रवाना की

**ओढां।** गांव नुहियांवाली से शिव शक्ति क्लब व चाणक्य शाखा के युवा स्वयंसेवक होली के पावन त्यौहार व पूर्णिमा पर्व पर हनुमान मंदिर नुहियांवाली से सालासर धाम सिरसा तक डाकध्वजा लेकर पहुंचे। इस यात्रा में 18 रामभक्तों ने डाक ध्वजा उठाकर दौड़ लगाई। यात्रा सुबह 6 बजे गांव के मंदिर से पुजारी मनीष ने पूजा अर्चना करवाकर रवाना की। जिसके बाद पूरे रास्ते रामभक्तों ने जय श्री राम व बालाजी के जयकारों के साथ बहुत ही भक्तिमय तरीके से यात्रा को सालासर धाम सिरसा में सम्पूर्ण किया। वहां पर रामभक्तो को सिरसा संघ परिवार द्वारा अल्पाहार व फलाहार करवाया गया। जिसमें सीए कमल कुमार व मुकुल सहित अन्य युवा साथी मौजूद रहे। इस यात्रा में रामभक्त अंकित, साहिल शर्मा, उज्ज्वल, विशाल, विक्की, परवीन, प्रदीप, नीरव मोगा, राजेश कूकना, प्रभात, रवि, होशियारी लाल व योगेश जोशी सहित अनेक युवा साथी उपस्थित रहे।

### अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन

**डबवाली।** डेरा खुशपुर धाम के गद्दी नशीन चंद सिंह महाराज ने फरमाया कि मैं यानी कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। खुशपुर धाम डेरा के संस्थापक रघुवीर सिंह महाराज के जन्मोत्सव को लेकर डबवाली में आयोजित सत्संग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने फरमाया कि हकीकत यह है कि मनुष्य कुछ नहीं कर सकता जो कुछ होता है सब मालिक की मर्जी से होता है। इसलिए मलिक का शुकराना करें और अपने अंदर अहम न आने दे। उन्होंने फरमाया कि मालिक के दरबार में जब भी जाएं तो कोई ख्वाहिश लेकर न जाए। केवल बंदगी करें, सेवा करें। सेवा करने वालों को ही फल मिलता है। उन्होंने फरमाया कि गुरु की शरण में ही मनुष्य भवसागर से पार होता है, इसलिए सच्चे गुरु की शरण में रहे और सत्संग में जरूर जाए। इस अवसर पर स्थानीय संगत की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### 21 अप्रैल को दिल्ली में जैन भागवती दीक्षा ग्रहण करेंगी

## मुमुक्षु मेघना के भागवती दीक्षा महोत्सव पर तिलक समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली



**सिरसा।** मुमुक्षु मेघना जैन तिलक की रस्म अदा करते पारिवारिक सदस्य।

जैन धर्म के संस्थापक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण दिवस के उपलक्ष्य पर स्व. दीवान चंद जैन की पौत्री और भूपेंद्र जैन व मीनू जैन की पुत्री मुमुक्षु मेघना जैन निवासी गांव जलालआना 21 अप्रैल को दिल्ली में जैन भागवती दीक्षा ग्रहण करेगी। इसको लेकर मंगलवार को दादू रोड पर स्थित जैन स्थानक में मुमुक्षु मेघना जैन के तिलक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह जैन साध्वी शिक्षा महाराज, साध्वी सुरेखा महाराज, साध्वी सिद्व महाराज और साध्वी सुविधि महाराज ठाणे-4 की देखरेख में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली से आई मुमुक्षु मेघना जैन ने मुख्यातिथि के तौर पर जबकि दिल्ली से आए जैन समाज के सदस्यों गौरव जैन, नेहा जैन, अजय जैन, रोहक जैन, सम्यक जैन ने विशेष तौर पर शिरकत की। समारोह में पहुंचने पर मुमुक्षु मेघना जैन का स्वागत किया गया और उनकी मां मीनू जैन, परिवारिक सदस्यों व जैन समाज के लोगों ने तिलक की रस्म अदा करके जैन धर्म के मार्ग पर चलकर नाम रोशन करने कामना की। इसके बाद मुमुक्षु मेघना जैन को भावुक हृदय के साथ दिल्ली भागवती दीक्षा के लिए विदा किया गया। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के मैंबर ऑफ गर्वनिंग बा?ी और ब्लॉक ओढां के प्रधान भूपेंद्र जैन पुत्री मुमुक्षु मेघना जैन का जन्म 16 जून 2002 को हुआ। बचपन से ही उनका परिवार जैन धर्म से जुड़ा हुआ है और अहिंसा परमो धर्म के रास्ते पर चलता है। वर्ष 2017 में कालांवाली में जैन महासाध्वियों के प्रवचन से प्रभावित हुई। तभी मेघना जैन ने अपना घर परिवार त्यागकर दीक्षा लेने का ठाण लिया। बता दें कि मेघना जैन ने जैन फिलोस्पी में ग्रेजुऐशन कर रखी है और पोस्ट ग्रेजुऐशन कर रही है। इससे पहले वह जैन फाइनेंशियल एसोएिशन की सीईओ रह चुकी है। वर्धमान जैन पब्लिक स्कूल जलालआना में करीब 3 साल तक ऐडिमन मैनेजर के पद पर सेवाएं दे चुकी है।

## खबर संक्षेप

### मक्खन बने राय सिख समाज के प्रदेशाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** बैठक के दौरान राय सिख बिरादरी की हरियाणा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। संगठन को राय सिख समाज सभा हरियाणा का नाम दिया गया, जिसका संयोजक हरमेश सरारी को बनाया गया। बैठक में मास्टर मक्खन कचूरा को प्रदेशाध्यक्ष, कुलवंत सिंह सवना को उप प्रधान, भूपिंद्र सिंह को सचिव, बुध प्रकाश सिंह को सह सचिव, बलकार सिंह को कोषाध्यक्ष, सोहन सिंह भिरडाना सह कोषाध्यक्ष, जसविंद्र जस्सी को मीडिया प्रभारी, काला सिंह भिरडाना, मास्टर राम चंद्र व जरनैल सिंह सीपर को सलाहकार नियुक्त किया गया।

### भाजपा नेत्री ने दिव्यांगों के साथ मनाई होली



**फतेहाबाद।** लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा महिजा मोर्चा द्वारा हिसार लोकसभा की सहप्रभारी नियुक्त वरिष्ठ भाजपा नेत्री राखी मक्कड़ ने इस बार होली का त्यौहार भाई कन्हैया आश्रम में दिव्यांग और मंदबुद्धि बच्चों के बीच मनाया। भाजपा नेत्री ने यहां रह रहे बच्चों को गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई दी वहीं मिठाई बांटकर इनके साथ होली की खुशियां सांझी की। इसके अलावा उन्होंने आश्रम में रह रही महिलाओं को भी गुलाल लगाया। होली खेलने को लेकर इन दिव्यांग बच्चों में भी काफी उत्साह था।

### सीएम नायब सैनी से की जिला टीम ने मुलाकात



**फतेहाबाद।** होली के पावन महापर्व के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निमंत्रण पर भाजपा जिला फतेहाबाद की टीम जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में चण्डीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सीएम से मुलाकात करने पहुंची। यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फतेहाबाद बीजेपी के सभी जिला पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से हाथ मिलाकर परिचय लिया और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सीएम नायब सैनी ने सभी पदाधिकारियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा लोकसभा चुनाव के बारे में चर्चा भी की।

### तीन दिवसीय श्री मद्भागवत कृष्ण कथा आज से शुरु

**मंडी आदमपुर।** श्री कृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल द्वारा बोगा मंडी स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सत्संग भवन में तीन दिवसीय श्री मद्भागवत एवं कृष्ण कथा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए महिला सत्संग मंडल की प्रमुख सरीता सचदेवा ने बताया कि बुधवार 27 मार्च को दोपहर दो बजे आरंभ होने वाली तीन दिवसीय श्रीमद्भागवत-कृष्ण कथा में प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस डा. स्वामी सदानंद महाराज श्रद्धालुओं को धर्मलाभ देंगे। इस दौरान फुलों की होली व पूजा-झीलना मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी।

---

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर नारेबाजी की

# टोहाना में किसानों ने निकाली पूर्व मंत्री के पुतले की शवयात्रा

जाखल में पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली व किसानों के बीच हुए टकराव मामले को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना



**टोहाना।** पूर्व मंत्री का पुतला लेकर रोष प्रदर्शन करते किसान।

करीब दो सप्ताह पूर्व जाखल में पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली व किसानों के बीच हुए टकराव मामले में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को टोहाना में रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने किया। इस दौरान किसानों ने बबली के पुतले की शव यात्रा निकाली। किसान शहर के बाजारों से यात्रा निकालते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। यहां पर पुतला फूंका गया और नारेबाजी की गई। बता दें कि 12 मार्च को बतौर पंचायत मंत्री रहते देवेंद्र बबली पीएम नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन कार्यक्रम में शिकरत करने जाखल पहुंचे थे। यहां पहले से ही विरोध के लिए खड़े किसानों से उनका जोरदार टकराव व धक्कामुक्की हुई थी। आरोप है कि बबली के समर्थक को किसानों ने पीट भी दिया था। इसी कार्यक्रम के तुरंत बाद बबली पूर्व मंत्री हो गए थे, क्योंकि सीएम ने उस दौरान कैबिनेट सहित इस्तीफा दे दिया था। प्रदर्शन कर रहे पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के नेताओं ने बताया कि 12 मार्च को हुए प्रकरण के बाद किसानों ने 26 मार्च को टोहाना में शव यात्रा निकालने का ऐलान कर दिया था। इसी के तहत आज काफी संख्या में किसान यहां एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि देवेंद्र बबली ने 12 मार्च को उनके किसानों के साथ गलत शब्दावली का प्रयोग किया। किसानों पर कार्रवाई की गई, इसलिए आज उनके पुतले की शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बबली को यहां के लोगों ने 50 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जिताया, फिर भी गलत शब्दावली प्रयोग की गई, जिससे काफी में काफी रोष है।

### गांव आगमन पर नेताओं का करेंगे विरोध

मनदीप नथवान ने कहा कि किसान काफी समय से जाखल में बाढ़ मुआवजे की मांग को लेकर धरनारत थे। कुछ समय पहले देवेंद्र बबली के साथ किसानों की चांदपुरा रेस्टहाऊस में बैठक थी, जिसमें उन्हें आश्वासन दिया गया था और कहा गया था कि चंडीगढ़ जाकर उन्हें मुआवजा दिलाएंगे, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई तो 12 मार्च को किसान उनसे यही बात करने जाखल पहुंचे थे, लेकिन बबली ने किसानों को धक्के दिए। किसान नेता मनदीप नथवान ने कहा कि जब किसान दिल्ली जा रहे थे तो सड़कों पर दीवारें निकाल दी गई और सड़कों पर कीलें गाड़ दी गई। अब भाजपा और जजपा नेता जब गांवों में आएंगे तो उनसे सवाल किए जाएंगे, घेराव किए जाएंगे। दिल्ली-चंडीगढ़ इन नेताओं के हैं तो गांव हमारे हैं। गांव में नेता आएंगे तो कीलों के साथ स्वागत किया जाएगा।

---

# फेक मैसेज दिखा दुकानदार से ठगी, एसपी से मिले दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

दुकानदारों को ऑनलाइन पैमेंट के फर्जी मैसेज दिखाकर ठगी करने के बढ़ते मामलों से दुकानदारों में रोष है। फतेहाबाद में हाल ही में ऐसे 5 मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर मंगलवार को व्यापार मंडल फतेहाबाद के बैनर तले दुकानदार अध्यक्ष अशोक नारंग, उपाध्यक्ष विनोद अरोड़ा के नेतृत्व में एसपी आस्था मोदी से मिले और ज्ञापन सौंपा।

इन दुकानदारों ने बताया कि ऐसे ठग दुकानदार के पास आते हैं और उनसे 1000-1500 का सामान खरीद लेते हैं। उसके बाद उन्हें किसी और नंबर से ऑनलाइन पेमेंट डलवाने की बात करते हैं और फिर मोबाइल से एक फेक मैसेज उन्हें दिखाया जाता है। फिर कहा जाता है कि गलती से पैसे ज्यादा डाल दिए हैं, बाकी पैसे उन्हें नगद दे दे। उन्हें बाजार में जरूरी सामान लेना है। जब तक दुकानदार इस ठगी को समझ पाता है, तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके होते हैं। दुकानदारों ने बताया कि ऐसे ठगी को लेकर पुलिस चौकी में भी दुकानदारों द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पुलिस विभाग को आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज भी सौंपे गए।

# बिश्नोई समाज की अनदेखी भाजपा पर पड़ेगी भारी : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



लोकसभा चुनाव में हिसार से कुलदीप बिश्नोई का टिकट काटकर भाजपा ने बिश्नोई समाज का अपमान करने का काम किया है। राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश में भी बिश्नोई समाज की भाजपा द्वारा पूरी तरह अनदेखी की गई है। इससे बिश्नोई समाज में काफी नाराजगी है और लोकसभा चुनावों में भाजपा को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह बात स्वास्तिक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष और अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के आमंत्रित सदस्य अनिल ज्याणी ने कही। फतेहाबाद विधानसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके अनिल ज्याणी ने कहा कि बिश्नोई समाज के भाजपा के 6 विधायक है। फिर भी समाज के एक भी व्यक्ति को लोकसभा की टिकट न देकर भाजपा ने इस समाज की सरासर अनदेखी की है। कुछ दिनों से यह आम चर्चा थी कि हिसार लोकसभा से कुलदीप बिश्नोई को भाजपा चुनाव मैदान में उतारेगी, मगर कांग्रेस से आए चौधरी रणजीत सिंह को टिकट देकर भाजपा ने पूरे समाज की अनदेखी की है।

---

# अभय चौटाला व रामपाल माजरा 30 व 31 को फतेहाबाद दौरे पर

- लोकसभा चुनावों को लेकर इनेलो पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

लोकसभा चुनावों को लेकर इनेलो अब पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुकी है। इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक अभय सिंह चौटाला व पार्टी के नए प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामपाल माजरा लोकसभा चुनावों को लेकर दो दिवसीय फतेहाबाद दौरे पर आ रहे हैं। 30 व 31 मार्च को अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान अभय सिंह चौटाला व प्रदेशाध्क्ष रामपाल माजरा टोहाना, रतिया और फतेहाबाद में विधानसभा स्तर पर पाटी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश देंगे।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में करेंगे शिरकत

यह जानकारी देते हुए इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता विकास मेहता ने कहा कि अभय सिंह चौटाला व रामपाल माजरा 30 मार्च को टोहाना से अपने दौरे की शुरूआत करेंगे। 30 मार्च को दोपहर 12 बजे इनेलो नेता टोहाना की अग्रवाल धर्मशाला में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला व रामपाल माचरा रतिया की जैन समाधि धर्मशाला में कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करेंगे। विकास मेहता ने बताया कि दौरे के दूसरे दिन अभय सिंह चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माचरा 31 मार्च को प्रातः 10 बजे फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनावों को लेकर उनकी ड्यूटियां लगाएंगे। विकास मेहता ने कहा कि आज प्रदेश में इनेलो के दिनों-दिन बढ़ते ग्राफ ने सत्ताधारी नेताओं की नींद उड़ाकर रख दी है। सिरसा लोकसभा के अलावा प्रदेश की सभी 10 सीटों पर इनेलो प्रत्याशी किसान व जन विरोधी भाजपा के उम्मीदवारों को पटखनी देने का काम करेंगे।

# आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर गिरफ्तारियां दी

- केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** बीजेपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को फतेहाबाद में भूना रोड स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष गुरविन्द्र गरजा ने किया वहीं राज्य उपाध्यक्ष हरपाल भाटी और राज्य सहसचिव लक्ष्य गर्ग भी प्रदर्शन में शामिल हुए। आप कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस द्वारा भाजपा कार्यालय के बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार पर विरोधियों की आवाज दबाने के लिए तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर की गई बेरिकेडिंग को पार करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाना दिया। बाद में इन कार्यकर्ताओं द्वारा गिरफ्तारियां दी गई। पुलिस इन्हें पुलिस बस में लेकर यहां से लेकर पुलिस लाइन ले गई और इन्हें छोड़ दिया गया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य और प्रदेश सहसचिव लक्ष्य गर्ग व कल्याण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों में अपनी हार को देखकर भाजपा के नेता पूरी तरह बौखला गए है। इन चुनावों में जीत के लिए भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है। विपक्ष को खत्म करने की साजिश की जा रही है। विपक्षी नेताओं को सीबीआई और ईडी का डर दिखाकर भाजपा में शामिल किया जा रहा है और जो विपक्षी नेता भाजपा की मनमानी का विरोध कर रहे हैं, उन पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर जेलों में डाला जा रहा है। पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी से मिल रही हार के चलते ही भाजपा ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जेल में डाल दिया है ताकि वे जनता के बीच जाकर वोट न मांग सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में केजरीवाल अकेले नहीं है।

---

### ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन का गठन रविन्द्र बने प्रधान

**रतिया।** ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन रतिया की बैठक नवदीप नेहरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्राम सचिवों ने सर्व समिति से रतिया खंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें रविंद्र भिरड़ाना को अध्यक्ष व अशोक मोर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सभी ग्राम सचिवों के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की व उनके समाधान हेतु प्रदेश कार्यकारिणी को अवगत कराने के लिए निर्णय लिया गया। ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुंडू ने सभी सदस्यों से मिलजुल कर भाईचारे के साथ सभी मांगों को पूर्ण करवाने आश्वासन दिया और सभी ग्राम सचिवों से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर सुखवीर सिंह, जार्जदीप सिंह, रणधीर सिंह, मुकेश कुमार, देवीलाल, अशोक सैनी सहित सभी ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

# नहर में मोघे लगाने के विरोध में उतरे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा




**सिरसा।** धरने पर बैठे ग्रामीण।

- प्रशासन ने जल्द नहीं लिया संज्ञान तो ग्रामीण शुरू करेंगे भूख हड़ताल

मेजर नहर सिरसा से डेरा की शाह सतनामपुरा पंचायत व कॉलोनियों को पानी देने के लिए लगाए जा रहे मोघे के विरोध में धरनारत ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटने लगा है। धरनारत ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द राजनीतिक दबाव में मंजूरशुदा मोघे को रद्द नहीं किया गया तो ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। धरनारत प्रधान गुरादित्ता, माल्हा राम सिकंदरपुर, देवीलाल चोयल अलीमोहम्मद, जगतपाल गोदारा फूलकां, रामकुमार रार, नछतर सिंह व भजनलाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार अवगत करवाने के बाद भी जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन राजनीतिक दबाव के कारण ग्रामीणों की सुनवाई नहीं कर रहा। ग्रामीणों ने कहा कि वे पिछले करीब 3 माह से यहां धरना लगाए बैठे हैं, लेकिन अभी तक किसी प्रशासनिक अधिकारी ने उनकी सुध नहीं ली। और तो और जब ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप ट्रैक्टर मार्च निकालकर उपायुक्त कार्यालय में डेरा डाला तो प्रशासन ने हरकत में आकर एकबारगी तो ग्रामीणों व अधिकारियों की कमेटी बना दी, लेकिन उसके बाद से न तो कमेटी अधिकारियों ने ग्रामीणों को बुलाया और न ही प्रशासन की ओर से इस दिशा में कोई कदम उठाया गया। यही नहीं अधिकारियों द्वारा मोघे संबंधी कागजी कार्रवाई में भी ग्रामीणों को गुमराह करने का प्रयास किया गया है, जिससे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि ये सब प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है। प्रशासन ग्रामीणों के सब्र का इतिहान ले रहा है, लेकिन प्रशासन की बेरूखी के कारण ग्रामीणों का सब्र अब टूटने लगा है।

# अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान दिए दिशा-निर्देश



**सिरसा।** मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग बूथों का किया दौरा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरके सिंह ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर सिरसा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने मंगलवार को जिला के गांव सुखचैन में पहुंचकर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बूथ पर सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए। बूथ पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो, जहां रैंप नहीं बने हैं वहां पर तुरंत प्रभाव से रैंप बनवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि मतदान के लिए बुजुर्गों और दिव्यांगों की सहायता के लिए संबंधित बीएलओ की देखरेख में वॉलिंटियर मौजूद रहेंगे। उन्होंने पूरे स्कूल प्रांगण की अच्छी तरह से साफ-सफाई करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर सुविधाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रैंप सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय, पेयजल, टेबल व कुर्सियां आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान केंद्रों के अंदर रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था करवाई जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। चुनाव एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अपनी चुनाव ड्यूटी का निर्वहन पूरी तरह से सजग व सतर्क रहते हुए करें। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र का पर्व, देश का गर्व के तहत सभी अधिकारी व कर्मचारी नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें।

इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों से नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक चुनाव संबंधित परेशानी अथवा समस्या के लिए जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए कंट्रोल रुम डायल 1950 पर संपर्क कर सकता है।

---

विचार आश्रम मंदिर से निर्माणाधीन राम मंदिर तक चलेगी श्रीराम जन्मोत्सव यात्रा

# रामनवमी पर 13 अप्रैल को राममय होगा फतेहाबाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** विचार आश्रम मंदिर में मीडिया को संबोधित करते स्वामी विज्ञान प्रेमानन्द, साथ हैं अखंड भारत सेवादल के पदाधिकारी।

श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर 13 अप्रैल को अखंड भारत सेवा दल द्वारा शहर के विचार आश्रम मंदिर से निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर, बीमा कॉलोनी, बीघड़ रोड तक 2100 भगवा ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर में मंगलवार को अखंड भारत सेवा दल के संरक्षक स्वामी विज्ञान प्रेमानन्द ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। अखंड भारत सेवा दल के संरक्षक स्वामी विज्ञान प्रेमानंद ने बताया कि रामनवमी उत्सव पर 13 अप्रैल को फतेहाबाद नगर में 2100 भगवा ध्वज शोभायात्रा निकाली जाएगी। ढोल-नगाड़ों, रथ-बोगियों के साथ शोभायात्रा शहर के मुख्य मागारें पर निकाली जाएगी, जिसमें फतेहाबाद जिले से धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता दर्ज रहेगी। उन्होंने बताया कि यह शोभायात्रा श्री विचार आश्रम मन्दिर फतेहाबाद से शुरू होगी। यहां से चलकर वाल्मीकि चौक, तुलसी दास चौक, अरोडवंश धर्मशाला रोड, थाना रोड, जवाहर चौक होते हुए शिव चौक से श्री परशुराम चौक, बीघड़ रोड होते हुए श्री राम मंदिर बाल संस्कार केन्द्र, बीमा कालोनी फतेहाबाद पहुंचेगी। यहां यात्रा का समापन होगा। स्वामी विज्ञान प्रेमानंद ने बताया कि यात्रा में शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी शामिल होंगे तथा यात्रा के साथ सभी मंदिरों एवं संस्थाओं की झांकियां भी चलेंगी। यात्रा के लिए शहर के सभी सनातनी समाज को निमंत्रण दिया गया है तथा यात्रा में शहर के गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। स्वामी विज्ञान प्रेमानंद ने बताया कि भगवा ध्वज यात्रा विचार आश्रम मंदिर से सुबह 10 बजे रवाना होगा।

यात्रा में ढोल-नगाड़ों के साथ सबसे आगे राम रथ चलेगा तथा उसके पीछे सहयोगी संस्थाओं की झांकियां चलेगी। यात्रा के लिए शहर में 12 स्वागत द्वार लगाए गए हैं, यात्रा के दौरान प्रसाद वितरण भी किया जाएगा तथा रास्ते में जहां यात्रा का स्वागत होगा वहां जलपान की भी व्यवस्था की गई है। यात्रा में 6 प्रमुख संत शामिल होंगे जिनमें स्वामी विज्ञान प्रेमानंद, स्वामी ध्यान प्रेमानंद, महंत राजेश गिरी, साध्वी शांत योगानंद, पंडित चरणजीत शर्मा और माता सत्यम देवा शामिल हैं।

### ये हैं मुख्य सहयोगी संस्थाएं

भगवा ध्वज यात्रा में विशेष सहयोगी संस्थाओं में विचार आश्रम मन्दिर, ब्राह्मण सभा, परशुराम ब्राह्मण सेना, गुर्जर गौड़ सभा, गौरीशंकर मंदिर, रघुनाथ मंदिर सभा, दुर्गा मन्दिर सभा, श्री बिश्नोई सभा, रामा-कृष्णा कला मंच भूना, सनातन धर्म संगठन भट्टू, दशनाम जूना अखाड़ा मानावाली, योग कुटिया सेवा समिति, इच्छा पूर्ति आश्रम माजरा रोड, हनुमान मंदिर, कृष्ण कृपा व शहर के सभी मठ-मंदिर समितियां एवं संस्थाएं आदि शामिल होंगी।